दिनांक 06.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के द्वारा आज जोन 01 नेहरु नगर कार्यालय के स्वास्थ्य अमले के साथ बटालियन के सामने स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें आसपास फैले गंदगी को हटाये जाने के निर्देश दिये गये ।

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा जोन 01 नेहरु नगर कार्यालय के स्वास्थ्य एवं राजस्व अमला के साथ विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों में पानी, बिजली, साफ–सफाई, रैम एवं गंदगी न हो इस हेतु जोन आयुक्त एवं स्वच्छता निरीक्षक को निर्देश दिये गये। विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई एवं मतदाता जन जागरुकता के लिए नियमित चलाये जा रहे अभियान का भी निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, प्रियदर्शनी परिसर, जुनवानी, कोहका, सहित सार्वजनिक स्थल के सफाई की जानकारी से अवगत हुए।

जनसम्पर्क अधिकारी